For more job news visit : www.kpscvaani.com

न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यम A Govt. of India Enterprise)
विक्रम साराभाई भवन, अणुशक्तिनगर, मुंबई -400 094 Vikram Sarabhai Bhavan, Anushaktinagar, Mumbai-400 094
सीआईएनCIN U40104MH1987GOI149458

विज्ञापन संख्या एनपीसीआईएल/मुख्या/मासं प्र/ईटी/2026/02

कार्यकारी प्रशिक्षुओं-2026 की गेट 2024/2025/2026 के माध्यम से भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30/04/2026

विज्ञापन संख्या एनपीसीआईएल/मुख्या/मासं प्र/ईटी/2025/04 के माध्यम से एनपीसीआईएल द्वारा मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन तथा सिविल विषय-क्षेत्रों के कार्यकारी प्रशिक्षुओं की, गेट प्राप्तांकों के आधार पर चयनित कर, भर्ती किए जाने का आशय घोषित किया गया था।

अभ्यर्थियों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2024/2025/2026 में प्राप्त वैध प्राप्तांकों के आधार पर चयनित कर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

अर्हताधारी एवं इच्छुक भारतीय नागरिकों से कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए एनपीसीआईएल वेब पोर्टल www.npcilcareers.co.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक **10/04/2026 (1000 बजे)** से प्रारंभ होगा तथा दिनांक **30/04/2026 (1600 बजे)** को बंद हो जाएगा।

1. **वर्गवार रिक्तियों की स्थिति :**

	अनारक्षित	ईडब्लूएस	अनु.जाति	अनु.जनजाति	अन्य पि.वर्ग (एनसीएल)	कुल
वर्तमान रिक्तियां	126	31	48	24	85	314
बैकलॉग रिक्तियां	--	--	04	--	12	16
कुल	**126**	**31**	**52**	**24**	**97**	**330**

2. **विषय-क्षेत्र एवं श्रेणीवार रिक्तियों की संख्या:**

विषय-क्षेत्र	अनारक्षित	ईडब्लूएस	अनु.जाति	अनु.जन जाति	अन्य पि.वर्ग (एनसीएल)	कुल
मैकेनिकल	48	12	20	08	37	125
केमिकल	15	04	06	03	12	40
इलेक्ट्रीकल	25	06	10	05	19	65
इलेक्ट्रोनिक्स	19	05	08	03	15	50
इंस्ट्रुमेंटेशन	06	01	02	02	04	15
सिविल	13	03	06	03	10	35
कुल	**126**	**31**	**52**	**24**	**97**	**330**

संक्षिप्तियां : ईडब्ल्यूएस- इकनोमिकली वीकर सेक्शन, अन्य पि.वर्ग(एनसीएल)-अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)

For more job news visit : www.kpscvaani.com

3. **निर्धारित शारीरिक नि:शक्तता (पीडब्ल्यूबीडीएस) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण:**

3.1 मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, केमिकल व सिविल विषय क्षेत्रों में निर्धारित शारीरिक नि:शक्तता वाली श्रेणियों के लिए चिह्नित रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	विषय-क्षेत्र	नि:शक्तता श्रेणी
1.	मैकेनिकल	एलवी,डी,एचएच,ओए,ओएल,एसडी/एसआई (संबंधित ओए, ओएल लिंब डिस्फंक्शन सहित),सीपी,एलसी,डीडब्ल्यू,एएवी,एसएलडी, एमआई, एमडी, एसडी/ एसआई (किसी तत्संबंधी न्यूरोलॉजिकल/ लिंब डिस्फंक्शन के बगैर)
2.	इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रोनिक्स/ इंस्ट्रु मेंटेशन	डी,एचएच,ओएल,एसडी/एसआई (संबंधित ओएल लिंब डिस्फंक्शन सहित), सीपी,एलसी,डीडब्ल्यू,एएवी,एएसडी (एम), एसएलडी,एमआई,एमडी, एसडी/एसआई (किसी तत्संबंधी न्यूरोलॉजिकल/ लिंब डिस्फंक्शन के बगैर)
3.	केमिकल	बी,एलवी,एचएच,ओए,ओएल, एसडी/एसआई (संबंधित ओए, ओएल लिंब डिस्फंक्शन सहित), डीडब्ल्यू,एएवी, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई, एमडी, एसडी/एसआई (किसी तत्संबंधी न्यूरोलॉजिकल/ लिंब डिस्फंक्शन के बगैर)
4.	सिविल	डी,एचएच,ओए,ओएल, एसडी/एसआई (संबंधित ओए, ओएल लिंब डिस्फंक्शन सहित),सीपी,एलसी,डीडब्ल्यू,एएवी,एसएलडी,एमआई, एमडी, एसडी/एसआई (किसी तत्संबंधी न्यूरोलॉजिकल/ लिंब डिस्फंक्शन के बगैर)

प्रयुक्त संक्षिप्तियों का विवरण :

बी-ब्लाइंड, **एलवी**-लो विज़न, **डी**-डीफ, **एचएच**-हार्ड ऑफ हियरिंग, **ओए**-वन आर्म, **ओएल**-वन लेग, **एसडी/एसआई**-स्पाइनल डीफॉर्मिटी/स्पाइनल इंजरी, **सीपी**-सेरेबल पालसी, **एलसी**-लेप्रोसी क्यूर्ड, **डीडब्ल्यू**-ड्वार्फिस्म, **एएवी**-एसिड अटैक विक्टिम, **एएसडी**-ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम-माइल्ड), **एसएलडी**- स्पेसिफिक लर्निंग डिसैबिलिटी, **एमआई**- मेंटल इलनेस, **एमडी**- मल्टिपिल डिसैबिलिटीज

3.2 निर्धारित शारीरिक नि:शक्तता (पीडब्ल्यूबीडीएस) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या इस प्रकार है:

क्र.सं.	निर्धारित शारीरिक नि:शक्तता श्रेणी	वर्तमान रिक्तियां	बैकलॉग रिक्तियां
(ए)	**बी-** ब्लाइंड**, एलवी-** लो विज़न	04	03*
(बी)	**डी-**डीफ**, एचएच-**हार्ड ऑफ हियरिंग	04	04*
(सी)	**ओए-**वन आर्म**, ओएल-**वन लेग**, एसडी-** स्पाइन डीफॉर्मिटी/ **/एसआई-** स्पाइन इंजरी (संबंधित ओए, ओएल लिंब डिस्फंक्शन सहित), **सीपी-** सेरेबल पालसी**, एलसी-** लेप्रोसी क्यूर्ड**, डीडब्ल्यू-** ड्वार्फिस्म**, एएवी-** एसिड अटैक विक्टिम**, एसडी-** स्पाइन डीफॉर्मिटी/ **एसआई-**स्पाइन इंजरी (किसी तत्संबंधी न्यूरोलॉजिकल/ लिंब डिस्फंक्शन के बगैर)	03	--
(डी)	**एएसडी-** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर **(एम-**माइल्ड**), एसएलडी-** स्पेसिफिक लर्निंग डिसैबिलिटी**, एमआई-** मेंटल इलनेस	04	09*
(ई)	**एमडी-** मल्टिपिल डिसैबिलिटी		
	कुल	15	16*

* *यदि उस निर्धारित विकलांगता वाला कोई उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं है, तो इसे आरक्षण के लिए पहचाने गए निर्धारित विकलांगता की श्रेणियों के बीच अदलाबदली द्वारा भरा जा सकता है।*

For more job news visit : www.kpscvaani.com

3.3 निर्धारित शारीरिक नि:शक्तता के अंतर्गत नियुक्त अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणियों अर्थात अनारक्षित/ अनु.जाति/ अनु.जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस के अधीन समायोजित किया जाएगा।

3.4 अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे, प्रमाणित प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा जारी नि:शक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

3.5 निर्धारित शारीरिक नि:शक्तता के अंतर्गत केवल वही कर्मचारी पात्र होंगे जिनकी प्रासंगिक नि:शक्तता 40 प्रतिशत से अधिक हो।

3.6 "अस्थायी विकलांगता श्रेणी के तहत "सुधार की संभावना" श्रेणी के अंतर्गत आने वाली विकलांगता की स्थिति आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं।

3.7 "प्रगतिशील, गैर-प्रगतिशील या सुधार की संभावना नहीं" शर्तों वाले आरक्षण के लिए पात्र हैं।

3.8 केवल स्थायी विकलांगता वाले व्यक्तियों को आयु में छूट की राहत उपलब्ध है।

3.9 "सुधार की संभावना" या अस्थायी विकलांगता वाली श्रेणी के तहत पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आरक्षण और आयु में छूट के लिए पात्र नहीं हैं। तथापि, दस्तावेज़ सत्यापन चरण में अस्वीकृति से बचने के लिए, ऐसे उम्मीदवार विज्ञापन में निर्धारित अन्य पात्रता मानदंडों जैसे शैक्षिक योग्यता, आयु आदि को पूरा करने के अधीन गैर-पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार के रूप में पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

3.10 साक्षात्कार स्थल पर निर्धारित शारिरिक नि:शक्तता अभ्यर्थियों को प्रवेश और बैठने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

4. महत्वपूर्ण तारीखें

ऑन-लाइन आवेदन जमा करने की तारीख का प्रारंभ	**10/04/2026 (1000 बजे से)**
ऑन-लाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	**30/04/2026 (1600 बजे तक)**
आवेदन शुल्क का भुगतान	**10/04/2026 (1000 बजे से) से 30/04/2026 (1600 बजे तक)** केवल सामान्य (अनारक्षित), ईडब्लूएस व अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों द्वारा रु. 500/- का गैर वापसीयोग्य आवेदन शुल्क। महिला अभ्यर्थियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, निर्धारित शारिरिक नि:शक्तता वाले व्यक्तियों, सेवा के दौरान मारे गए रक्षा-कर्मियों के आश्रितों (डीओडीपीकेआईए) तथा एनपीसीआईएल के कर्मचारी को इस शुल्क के भुगतान से छूट होगी।

5. अर्हता मानदण्ड

i. नीचे दी गई सारणी में वर्णित 06 अभियांत्रिकी विषय क्षेत्रों में किसी एक विषय-क्षेत्र में एआईसीटीई/यूजीसी से मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /मानित विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम **60%** अंक सहित बी.ई./बी. टेक./बी.एससी. (इंजीनियरिंग) /5 वर्षीय एकीकृत एमटेक। न्यूनतम **60%** अंक से तात्पर्य सबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान के अध्यादेश के अनुसार अंक है।

ii. आवेदकों के पास उन्होंने जिस विषय-क्षेत्र से अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम पूरा किया है, उसी विषय-क्षेत्र का वैध गेट-2024 या गेट- 2025 या गेट- 2026 स्कोर होना चाहिए।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

iii. प्रत्येक विषय-क्षेत्र के लिए अनुमन्य अभियांत्रिकी डिग्री का विवरण इस प्रकार है:

विषय-क्षेत्र	अनुमन्य अभियांत्रिकी डिग्री
मैकेनिकल	मैकेनिकल, प्रोडक्शन
केमिकल	केमिकल, इलेक्ट्रो-केमिकल इंजीनीयरिंग
इलेक्ट्रीकल	इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रोनिक्स
इलेक्ट्रोनिक्स	इलेक्ट्रोनिक्स, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड टेली कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कंट्रोल्स, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड इंस्ट्रुमेंटेशन, इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रोनिक्स, इलेक्ट्रोनिक्स सिस्टिम इंजीनीयरिंग
इंस्ट्रुमेंटेशन	इंस्ट्रुमेंटेशन, इंस्ट्रुमेंटेशन एण्ड कंट्रोल्स, अप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनीयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इंस्ट्रुमेंटेशन
सिविल	सिविल

टिप्पणी :

(ए) इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणी के अंतर्गत प्रासंगिक विषय-क्षेत्र जैसे 'इलेक्ट्रीकल', 'इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स', 'इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग', इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंट्रोल्स इंजीनियरिंग, तथा 'इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग' योग्यताधारी अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र हैं। तथापि, ऐसे अभ्यर्थियों का योग्यता निर्धारण इलेक्ट्रॉनिक्स विषय में वैध गेट स्कोर होगा।

(बी) 'इन्स्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल्स इंजीनियरिंग' डिग्रीधारक अभ्यर्थीगण इन्स्ट्रूमेंटेशन के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। तथापि ऐसे अभ्यर्थियों को इन्स्ट्रूमेंटेशन में वैध गेट स्कोर प्राप्त होना चाहिए।

(सी) 'इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग' योग्यताधारी अभ्यर्थी या तो इलेक्ट्रिकल अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स विषय-क्षेत्र हेतु आवेदन कर सकते हैं। 'इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंटेशन' विषय-क्षेत्र के डिग्रीधारक अभ्यर्थी या तो इन्स्ट्रूमेंटेशन अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स विषय-क्षेत्र हेतु आवेदन कर सकते हैं। तथापि, ऐसे अभ्यर्थीगण जिस भी विषय-क्षेत्र हेतु आवेदन करना चाहते हैं, उनके पास संबंधित विषयक्षेत्र का वैध गेट स्कोर होना चाहिए।

iv. वे अभ्यर्थीगण, जिन्होंने प्रासंगिक विषय-क्षेत्र में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ 5 वर्षीय एकीकृत एमटेक पाठ्यक्रम पूर्ण किया हो और वे अन्य सभी मानदण्डों को पूरा करते हों, भी आवेदन कर सकते हैं।

v. केवल उपरिवर्णित विषय-क्षेत्रों पर ही विचार किया जाएगा। उपर्युक्त के समकक्ष योग्यता वाले पाठ्यक्रमों/विषय क्षेत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

vi. ऐसे अभ्यर्थीगण, जिनका अंतिम परीक्षा परिणाम प्रतीक्षित है और/अथवा जो 2026 के दौरान अंतिम वर्ष/सेमेस्टर परीक्षा में भाग ले रहे हैं परंतु अन्यथा वे आवेदन के पात्र हैं, भी आवेदन कर सकते हैं। यदि ऐसे अभ्यर्थियों का चयन हो जाता है तो उन्हें अपने डिग्री पाठ्यक्रम को पूर्ण करने व अंको को दर्शाने (60 प्रतिशत से कम नहीं) वाला अंतिम परिणाम 30 नवंबर, 2026 तक या उससे पहले जमा करना होगा।

vii. शिक्षा के पूर्णकालिक ऑन-कैंपस मोड के माध्यम से प्राप्त केवल नियमित शैक्षिक डिग्री (योग्य होने के साथ-साथ पूर्व योग्यता) पर विचार किया जाएगा। जो पत्राचार, दूरस्थ शिक्षा/अध्ययन, अनुसंधान द्वारा, अंशकालिक माध्यमों आदि द्वारा शैक्षिक डिग्रीयां रखते हैं वे पात्र नहीं हैं।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

6. **आयु सीमा (दिनांक 30.04.2026 को आयु) :**

वर्ग		अधिकतम आयु सीमा (वर्ष)	निम्नलिखित तारीख या उससे पहले की जन्मतिथि
सामान्य/ ईडब्लूएस		26	**30.04.2000**
अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) (छूट- 03 वर्ष)		29	**30.04.1997**
अनुसूचित जाति -जनजाति (छूट- 05 वर्ष)		31	**30.04.1995**
निर्धारित शारीरिक रूप से नि:शक्त व्यक्ति (40 प्रतिशत व अधिक अक्षमता) (छूट- 10 वर्ष)			
i	निर्धारित शारीरिक रूप से नि:शक्त व्यक्ति-सामान्य/ ईडब्लूएस वर्ग	36	**30.04.1990**
ii	निर्धारित शारीरिक रूप से नि:शक्त व्यक्ति-अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)	39	**30.04.1987**
iii	निर्धारित शारीरिक रूप से नि:शक्त व्यक्ति-अनुसूचित जाति/ जनजाति	41	**30.04.1985**
वर्ष 1984 के दंगों के दौरान मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों (डीओडीपीकेआईए) (डीईपी1984) (छूट – 5 वर्ष)		31	**30.04.1995**
पूर्व सैनिक व कमीशन्ड अधिकारी, जिनमें आपात कमीशन अधिकारी या शार्ट सर्विस कमीशन अधिकारी शामिल हैं, (छूट – 5 वर्ष)।		31	**30.04.1995**

टिप्पणी :

i. एक से अधिक श्रेणियों में आयु के छूट के लिए पात्र आवेदकों के लिए संचयी आधार पर आयु छूट अधिकतम 56 वर्ष तक लागू होगी।

ii. अनारक्षित पदों पर आवेदन करने वाले आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को अनारक्षित आवेदकों के लिए निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा करने पर पूरी भर्ती प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर किसी भी छूट के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

iii. एनपीसीआईएल में कार्यरत कर्मचारियों के मामले में, यदि वे अन्यथा विहित मानदण्ड पूर्ण कर रहें हों तो कोई अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होगी।

iv. ईडब्ल्यूएस/अनु.जाति/अनु.जनजाति/अन्य पि वर्ग (एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी के लिए छूट और रियायतें भारत सरकार के समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार प्रदान की जाएंगी।

v. पीडब्ल्यूबीडी को आयु रियायत इस तथ्य पर ध्यान दिए बिना स्वीकार्य होगी कि पद पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित है या नहीं, बशर्ते पद की पहचान विकलांगता की प्रासंगिक श्रेणी के लिए उपयुक्त हो।

7. **प्रशिक्षण:**

i चयनित अभ्यर्थियों को आगे दी गई जानकारी के अनुसार किसी एक स्थान पर एक वर्षीय अभिमुखी पाठ्यक्रम को पूरा करना होगा :

ii **दाबित भारी पानी रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) स्ट्रीम:**

इस स्ट्रीम के अभ्यर्थियों को एनपीसीआईएल के किसी एक न्यूक्लियर प्रशिक्षण संस्थान (एनटीसी) में एक वर्षीय अभिमुखी पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।

साधारण जल रिएक्टर (एलडब्ल्यूआर) स्ट्रीम:

इस स्ट्रीम के अभ्यर्थियों को एनपीसीआईएल के कुडनकुलम न्यूक्लियर विद्युत परियोजना (केकेएनपीपी) स्थल, नागरकोइल, तमिलनाडु में अवस्थित न्यूक्लियर प्रशिक्षण संस्थान (एनटीसी) में एक वर्षीय अभिमुखी पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

iii. मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन विषय-क्षेत्रों के लिए प्रशिक्षण या तो दाबित भारी पानी रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) स्ट्रीम अथवा साधारण जल रिएक्टर (एलडब्ल्यूआर) स्ट्रीम में से किसी एक स्ट्रीम में दिया जाएगा। इन 5 विषय-क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में अपने वांछित 'रिएक्टर स्ट्रीम' को दर्शाना होगा।

iv. सिविल विषय-क्षेत्र के अभ्यर्थियों को 'रिएक्टर स्ट्रीम' का चयन दर्शाने की आवश्यकता नहीं है।

v. एनपीसीआईएल के पास प्रशिक्षण स्ट्रीम, स्थल व अवधि में परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित है।

8. **तैनाती:**

8.1 एक-वर्षीय अभिमुखी पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने तथा तदुपरांत एनपीसीआईएल की सेवाकाल के दौरान कार्यकारी प्रशिक्षुओं (ईटी) को संगठन की आवश्यकताओं के अनुसार, परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी स्थापना में, देश या विदेश में तैनात किया जा सकता है। तथापि, दाबित भारी पानी रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) स्ट्रीम के अधिकतर कार्यकारी प्रशिक्षुओं (ईटी) की प्रारंभिक तैनाती- देश के विभिन्न भागों में अवस्थित दाभापारिएक्टर प्रचालन करने वाले विद्युत केंद्रों, चालू परियोजनाओं व आगामी/तैयार हो रही परियोजनाओं/मुख्यालय/संयुक्त उद्यमों में की जा सकती है। (विस्तृत विवरण के लिए कृपया www.npcil.co.in पर विजिट करें)। साधारण जल रिएक्टर (एलडब्ल्यूआर) स्ट्रीम के अधिकतर कार्यकारी प्रशिक्षुओं (ईटी) की प्रारंभिक तैनाती-देश के विभिन्न भागों में अवस्थित मुख्य रूप से एलडब्ल्यूआर रिएक्टर (केकेएनपीपी साईट) प्रचालन करने वाले विद्युत केंद्रों, चालू परियोजनाओं व आगामी/तैयार हो रही परियोजनाओं/मुख्यालय/संयुक्त उद्यमों में की जा सकती है (विस्तृत विवरण के लिए कृपया www.npcil.co.in पर विजिट करें)। कुछ कार्यकारी प्रशिक्षुओं (ईटी) की तैनाती टीएपीएस-1व2 प्रचालनरत विद्युत केंद्र, तारापुर, महाराष्ट्र में भी की जा सकती है।

8.2 कुछ कार्यकारी प्रशिक्षुओं को अन्य कार्यों जैसे आर एंड डी, डीज़ाईन एंड इंजीनियरिंग, प्रॉक्यूरमेंट, क्वालिटी एशुरेंस इत्यादि प्रकार्यों के लिए तैनात किया जा सकता है।

9. **छात्रवृत्ति - प्रशिक्षण के दौरान**

- मासिक छात्रवृत्ति- रु. 74,000/-
- एक-मुश्त पुस्तक भत्ता- रु. 30,000/-
- अनिवार्य आवास व भोजन – एनपीसीआईएल द्वारा प्रदान किए गए आवास में।

10. **वैज्ञानिक अधिकारी/सी के रूप में नियुक्ति पर वेतनमान**

सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत, कार्यकारी प्रशिक्षु को समूह –ए में वैज्ञानिक अधिकारी/सी के रूप में निम्नलिखित वर्णन के अनुसार नियुक्त किया जाएगा:-

ग्रेड	वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर	वेतन मैट्रिक्स में वेतन	मंहगाई भत्ता(डीए)
वैज्ञानिक अधिकारी/सी	स्तर 10	रु. 56,100/-	वेतन मैट्रिक्स में वेतन (01.07.2025 के अनुसार) का 58%

मंहगाई भत्ता, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित दरों पर आधारित है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

उपर्युक्त परिलब्धियों के अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर, नियमानुसार निम्नलिखित भत्ते, प्रोत्साहन व सुविधाएं भी उपलब्ध हैं:-

ए) भत्ते

- परिवहन भत्ता
- आवास किराया भत्ता/पट्टा आवास सुविधा/ आवास
- स्थल अवस्थान भत्ता
- व्यावसायिक अद्यतन भत्ता (वार्षिक)

बी) कर्मचारी लाभ व आनुषंगी सुविधाएं

- छुट्टी यात्रा भत्ता
- छुट्टी व छुट्टी नकदीकरण
- स्वयं व आश्रित परिवार के लिए चिकित्सा सुविधाएं (सीएचएसएस)
- संतानों के लिए टाउनशिप के भीतर ही शिक्षा सुविधा
- संतान शिक्षण सहायता
- केबल टीवी प्रभार प्रतिपूर्ति
- मोबाइल फोन प्रभार प्रतिपूर्ति
- समाचारपत्र प्रभार प्रतिपूर्ति
- व्यावसायिक संस्थानों के सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति
- कैंटीन सहायिकी

सी) प्रोत्साहन:

- कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन

डी) ऋण एवं अग्रिम

- ब्याजयुक्त अग्रिम (गृह-निर्माण, सामान्य प्रयोजन आदि)

ई) सेवानिवृत्ति लाभ/ सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

- कर्मचारी भविष्य निधि
- उपादान
- पश्च सेवानिवृत्ति चिकित्सा सुश्रुषा
- सेंवा मे रहते हुए किसी कर्मचारी के निधन हो जाने पर अथवा उसके लापता हो जाने पर उसके परिवार को अनुग्रह राशि का भुगतान
- हितकारी निधि
- समूह बीमा
- एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना, 2025

For more job news visit : www.kpscvaani.com

11. **एनपीसीआईएल में कैरियर विकास:**

कंपनी में प्रेरक व चुनौतीपूर्ण कार्यकारी वातावरण है और यहां विभिन्न प्रशिक्षणों व विकास कार्यक्रमों तथा ऊर्ध्वमुखी एवं कार्य निष्पादन आधारित प्रोन्नति नीति के माध्यम से उन्नति के आकर्षक अवसर उपलब्ध हैं। अतएव, सराहनीय व श्रमशील अधिकारियों के लिए कैरियर विकास की बहुत अच्छी संभावनाएं उपलब्धहैं।

12. **बंध-पत्र:**

चयनित अभ्यर्थियों को एक करार, रु. 9,18,000/-(रुपए नौ लाख अठारह हजार मात्र) राशि का एक व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति बॉन्ड तथा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत एनपीसीआईएल में कम से कम तीन वर्षों की अवधि तक सेवा करने के आशय का सेवा-बंध पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य पक्ष का प्रतिभू आवश्यक नहीं है। इस बॉन्ड राशि में 12 महीनों की छात्र-वृत्ति अर्थात रु. 74,000 x 12 व एक-मुश्त पुस्तक भत्ता अर्थात रु. 30,000/- की राशि शामिल है।

13. **चयन प्रक्रिया:**

चयन प्रक्रिया निम्नवत होगी:

i. कार्यकारी प्रशिक्षु 2026 के पद हेतु व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का चयन 1:12 का अनुपात लगाते हुए व गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 के अंको के आधार पर वरीयता सूची बनाकर किया जाएगा।

यदि समान कट-ऑफ अंको (साक्षात्कार हेतु शार्ट लिस्ट करते समय) वाले 01 से अधिक अभ्यर्थी होते हैं तो, समान अंकों वाले सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु शार्ट लिस्ट किया जाएगा।

ii. इस विज्ञापन के तहत एनपीसीआईएल के भर्ती प्रक्रिया के लिये केवल वैध गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 के अंक प्राप्तकर्ता अभ्यर्थीगण ही पात्र होंगे। वर्ष 2023 या उससे पहले के वर्षों की गेट परीक्षा के अंक मान्य नहीं हैं।

iii. गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 के अंको को समान महत्व दिया जाएगा।

iv. 'निर्धारित नि:शक्तता वाले व्यक्तियों' (पीडब्ल्यूबीडी) का चयन आरक्षित रिक्तियों हेतु निश्क्तता की प्रत्येक श्रेणी में 1:12 के अनुपात के माध्यम से अलग से किया जाएगा।

v विषय-क्षेत्र वार व श्रेणी वार कट-आफ सूची एनपीसीआईएल के भर्ती वेब पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराए गए व्यक्तिगत लॉगइन पर www.npcilcareers.co.in के 'एप्लीकेशन स्टेटस लिंक' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

vi चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तारीख/समय/स्थान के बारे में ई-मेल/एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों हेतु साक्षात्कार के लिए बुलावा-पत्र वेबसाइट पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

vii **अंतिम चयन वैयक्तिक साक्षात्कार में कार्यनिष्पादन और एनपीसीआईएल के प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनके चिकित्सीय रूप से स्वस्थ घोषित किए जाने के आधार पर किया जाएगा।**

अंतिम चयन में गेट स्कोर को कोई वेटेज नहीं दिया जाएगा। साक्षात्कार में अर्हता अंकों का विवरण इस प्रकार है:

अनारक्षित - 70 %

ईडब्लूएस/अनु.जाति/अनु.जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग (एनसीएल)/ पीडब्ल्यूबीडी - 60 %

viii ऐसी प्रत्येक पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी हेतु साक्षात्कार के अंक के आधार पर पृथक वरीयता सूची तैयार की जाएगी जिनके लिए रिक्तियां आरक्षित की गई हैं एवं पीडब्ल्यूबीडी का चयन इस सूची से गुणानुक्रम आधार पर किया जाएगा।

ix साक्षात्कार का परिणाम एनपीसीआईएल की भर्ती वेबसाइट www.npcilcareers.co.in पर वैयक्तिक लॉगइन के माध्यम से अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। पैनल में शामिल किए गए अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के प्रस्ताव का लिखित विवरण इस वेबसाइट पर, व्यक्तिगत लॉग-इन के अंतर्गत डाउनलोडिंग के लिए कराया जाएगा।

x. प्रशिक्षण का प्रस्ताव प्राप्त होने पर, पैनेल में शामिल अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से निश्चित समयावधि में अपनी स्वीकृति देनी होगी कि वे एनपीसीआईएल में कार्यग्रहण के इच्छुक हैं या नहीं।

xi. **निर्णयात्मक सिद्धांत :**

साक्षात्कार के अंकों में समानता होने के मामले में, वरीयता सूची में स्थान के निर्धारण के लिए निम्नलिखित मापदंड अपनाए जाएंगे :

ए) साक्षात्कार में समान अंक होने पर जिस अभ्यर्थी के गेट के अंक अधिक होंगे वह वरीयता सूची में ऊपर आएगा।

बी) ऐसे मामले में जहॉ साक्षात्कार के अंक और गेट के अंक, दोनों ही समान हों, वहॉ आयु में बड़ा अभ्यर्थी ऊपर आएगा।

14. प्रतीक्षा सूची तैयार करना व इसका प्रयोग

i. प्रतीक्षा सूची, विभिन्न विषयक्षेत्रों व श्रेणियों के लिए मुख्य चयन सूची में उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या तक सीमित होगी।

ii. प्रतीक्षा सूची, विभिन्न विषयक्षेत्रों व श्रेणियों की वरीयता सूची के आधार पर चालित की जाएगी।

iii. प्रतीक्षा सूची केवल 21 सितंबर, 2026 तक वैध रहेगी।

15. साक्षात्कार समय व स्थल :

साक्षात्कार संभवत: 8 जून से 19 जून, 2026 के दौरान आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार अणुशक्तिनगर, मुंबई-महाराष्ट्र, नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र (एनएपीएस)-उत्तर प्रदेश, मद्रास परमाणु विद्युत केंद्र (एमएपीएस), तमिलनाडु तथा कैगा विद्युत उत्पादन केंद्र (केजीएस)-कर्नाटक में आयोजित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के अपने विकल्प क्रम को ऑनलाइन प्रपत्र में इंगित कर दें। तथापि, एनपीसीआईएल के पास अभ्यर्थियों को उनके साक्षात्कार के लिए यथाउपयुक्त तारीख/स्थल के आबंटन का अधिकार सुरक्षित है और अभ्यर्थी को यह सूचना विधिवत् उपलब्ध करा दी जाएगी तथा इस संबंध में आगे किसी परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

16. **साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों का सत्यापन:**

साक्षात्कार के समय निम्नलिखित मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। **मूल दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में उस अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।**

ए) जन्मतिथि (डीओबी) प्रमाण:

I. Xवीं कक्षा का प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हो।
अथवा,

II. स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र।

बी) अर्हता:

I. परिणाम की तारीख दर्शाने वाला अंक-पत्र।

II. अंतिम डिग्री प्रमाणपत्र

III. अनंतिम उत्तीर्णता प्रमाणपत्र (यदि अंतिम डिग्री प्रमाणपत्र जारी न किया हो तो)

IV. सीजीपीए/जीपीए/एसजीपीए या लिखित ग्रेड प्राप्तकर्ता आवेदकों को अपनी उत्तीर्णता को संबंधित संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय की रूपांतरण तालिका के अनुरूप मानना चाहिए। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों को अपने संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय की प्राधिकृत रूपांतरण तालिका प्रस्तुत करनी होगी। सीजीपीए ग्रेडिंग परिवर्तित किए जाने के संबंध में यह है कि यदि इसे संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है और सीजीपीए को % (प्रतिशत) में परिवर्तित करने का फार्मूला उपलब्ध न हो तो निम्नलिखित मानक अपनाए जा सकते हैं:-

अर्हता परीक्षा में अंकों का **%** (प्रतिशत)	10 बिंदु पैमाने पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई	9 बिंदु पैमाने पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई	8 बिंदु पैमाने पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई	7 बिंदु पैमाने पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई	6 बिंदु पैमाने पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई	5 बिंदु पैमाने पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई	4 बिंदु पैमाने पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई
55%	5.9	4.9	4.4	3.8	3.3	2.7	2.0
60%	6.5	5.4	4.8	4.2	3.6	3.0	2.2
65%	7.0	6.0	5.3	4.6	4.0	3.3	2.5

V. गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 का प्रवेश पत्र एवं अंक पत्र।

सी) केंद्रीय/ राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/ सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने संगठन का **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** साथ में लाना होगा।

डी) आवेदकों को नाम के परिवर्तन के संबंध में, यदि लागू हो तो, राजपत्रित अधिसूचना/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

ई) भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो)

एफ) रणभूमि में मारे गए सैनिक (डीओडीपीकेआईए) के आश्रित होने के समर्थन में प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो)

जी) **जाति/वर्ग प्रमाणपत्र:**

जी.i. अनु.जा./जन जाती/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में जाति/वर्ग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

जी.ii. ईडब्ल्यूएस आवेदकों को, भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी व वर्ष **2026-27** हेतु वैध आय व परिसंपत्ति प्रमाणपत्र (आई एण्ड एसी) प्रस्तुत करना होगा। पात्रता की दशा में, आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए ईडब्ल्यूएस स्थिति पर, इस विज्ञापन हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख के अनुसार ही विचार किया जाएगा। विनिर्दिष्ट प्रारूप को www.npcilcareers.co.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

जी.iii. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय यथा प्रयोज्य 'क्रीमी लेयर' या 'नॉन क्रीमी लेयर' की अपनी स्थिति दर्शानी होगी। 'क्रीमी लेयर' के अभ्यर्थियों को अन्य पिछड़ा वर्ग के (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को प्रदत्त छूट व रियायतें देय नहीं हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के 'नॉन क्रीमी लेयर' के अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा **दिनांक 01.04.2026 को या उसके बाद की तिथि** में जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को यदि साक्षात्कार हेतु बुलाया जाता है तो उन्हें साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करने के समय एक घोषणा करनी होगी कि वे अन्य पिछड़ा वर्ग के (नॉन क्रीमी लेयर) से संबंधित हैं।

सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा ऐसी जाति/जनजातियों की सूची (जिसे केंद्रीय ओबीसी सूची के नाम से भी जाना जाता है) अधिसूचित की गई है जिन्हें "अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)" माना जाएगा। यह सूची पिछड़े वर्गों हेतु राष्ट्रीय आयोग (एनसीबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। केवल ऐसी अधिसूचित जनजातियों/जातियों (केंद्रीय सूची) के "नॉन क्रीमी लेयर" अभ्यर्थियों को ही ओबीसी(एनसीएल) के लिए लागू छूट व रियायतें प्रदान की जाएगी।

जी.iv. पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को नि:शक्तता सहित व्यक्तियों के अधिकार नियमावली, 2017 में यथा विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी नि:शक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

जी.v. यदि अनु.जा./जन जाती/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्लूएस/निर्धारित शारीरिक नि:शक्तता प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो अभ्यर्थियों को अंग्रेजी अथवा हिंदी में उसका स्वप्रमाणित अनुवाद प्रस्तुत करना होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

17. **साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्ता की प्रतिपूर्ति**

साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए आने वाले बाहरी क्षेत्र के अभ्यर्थियों को आने-जाने के यात्रा भत्ते के लिए ऑनलाइन आवेदन में दर्ज पत्राचार के पते से निकटतम रेल्वे स्थानक से लघुतम मार्ग से सामान्य ट्रेन के वातानुकूलित 3रे वर्ग (वातानुकूलित-III टायर) का किराया (आरक्षण एवं सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रभार सहित) या अभ्यर्थी द्वारा किया गया वास्तविक यात्रा खर्च, इनमें से जो कम हो, कम से कम एक तरफ की यात्रा का मूल टिकट एवं बोर्डिंग पास (यदि लागू हो) प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जाएगा। तथापि, कैटरिंग प्रभार, डाइनेमिक यात्रा शुल्क, एजेंट का प्रभार, यात्रा पुष्टि प्रभार एवं यात्रा प्रीमियम आदि प्रतिपूर्ति योग्य नहीं हैं। किसी अन्य वाहन से यात्रा करने हेतु (जहां अभ्यर्थी ने पात्र किराए, अर्थात उपर्युक्त किराया विवरण, से अधिक खर्च किया हो) कम से कम एक तरफ की यात्रा का मूल टिकट एवं बोर्डिंग पास (यदि लागू हो) प्रस्तुत करने पर पात्र किराए की सीमा राशि तक प्रतिपूर्ति की जाएगी। यात्रा भत्ता की प्रतिपूर्ति के लिए दी जाने वाली राशि अभ्यर्थी के बैंक खाते में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जाएगी। तदनुसार, साक्षात्कार के लिए आमंत्रित अभ्यर्थियों को उनके बैंक खाते का विवरण ऑनलाइन देना होगा।

18. **व्यक्तिगत साक्षात्कार की भाषा :**

साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को हिंदी अथवा अंग्रेजी में से किसी भी एक भाषा में उत्तर देने की अनुमति होगी।

19. **चिकित्सीय स्वस्थता :**

चयनित अभ्यर्थियों की कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में नियुक्ति, एनपीसीआईएल के प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनके चिकित्सीय रूप से स्वस्थ घोषित किए जाने की शर्त पर होगी।

20. **प्रशिक्षुता प्रस्ताव :**

आवेदित पद पर अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी को निगम की लागू नीति के अनुसार प्रशिक्षणवृति हेतु प्रस्ताव दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत चयनित अभ्यर्थी को वैज्ञानिक अधिकारी/सी के पद पर नियुक्त किया जाएगा। उन्हें एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा में कार्य करना होगा और परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत उनकी नियुक्ति की पुष्टि की जाएगी।

21. **आवेदन कैसे करें: :**

ए. गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026, जैसा भी मामला हो, के प्रवेशपत्र में गेट प्राधिकारियों द्वारा अंकित की गई पंजीकरण संख्या को एनपीसीआईएल में आवेदन हेतु प्रयोग किया जाना होगा। अभ्यर्थीगण कृपया इस संख्या को सही रूप में लिखा जाना सुनिश्चित कर लें और प्रासंगिक विषय-क्षेत्र के लिए एनपीसीआईएल ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में आवेदन करें। गेट पंजीकरण संख्याएवं विषय-क्षेत्र में काट-छांट के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बी. पात्र अभ्यर्थी एनपीसीआईएल के ऑन-लाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसी अन्य प्रारूप जैसे हस्तलिखित/टाइप की हुई हार्ड प्रति में किसी व्यक्ति या अन्य किसी भी माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया किसी भी दस्तावेज/आवेदन प्रपत्र आदि को साक्षात्कार से पहले एनपीसीआईएल को प्रेषित न करें।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

सी. **ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए निर्देश :**

i. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले अपने अर्हता मानदण्डों को पढ़ लें और सुनिश्चित कर लें कि आप सभी मानदण्ड पूरा करते हों।

ii. अभ्यर्थियों को उनके हित में यह सलाह दी जाती है कि अंतिम तारीख से कुछ समय पहले ही ऑनलाइन आवेदन करे लें तथा इंटरनेट पर एकसाथ भारी दबाव या वेबसाइट जैम होने के कारण संपर्क टूट जाना/वेबसाइट पर लॉग-ऑन करने में असमर्थता/विफलता की संभावना से बचने के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख का इंतजार न करें। आवेदन प्रस्तुत करने में अभ्यर्थियों की ओर से होने वाले विलंब के लिए एनपीसीआईएल उत्तरदायी नहीं है।

iii. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि सुनिश्चित कर लें कि उनके पास वैध गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 अंक-पत्र है और इस अंक-पत्र के अंक उनके द्वारा भरे जाने वाले ऐच्छिक विषय-क्षेत्र के लिए लागू योग्यता अंक के अनुरूप हों।

iv. अभ्यर्थियों को वेब-साइट www.npcilcareers.co.in पर उपलब्ध कराए गए ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र के माध्यम से ही आवेदन करना होगा।

v. ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र हमारी वेब-साइट पर **10/04/2026 (1000 बजे से) से 30/04/2026 (1600 बजे तक)** उपलब्ध रहेगा।

vi. ऑन-लाइन आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करने तथा आवेदन संख्या प्राप्त करने के लिए विभिन्न विवरण, जैसे गेट प्रवेशपत्र में अंकित गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 की पंजीकरण संख्या, पात्रता डिग्री विवरण, अनुभव विवरण (यदि कोई हो), अंको का प्रतिशत, ई-मेल का पता (जैसा कि गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 के आवेदन में दिया गया हो), मोबाइल नंबर (जैसा कि गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 के आवेदन में दिया गया हो), पत्राचार हेतु पता, स्कैन किए फोटोग्रॉफ की सॉफ्ट प्रति व हस्ताक्षर (जेपीईजी) आदि की आवश्कता होगी। अत:, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि कृपया ऑन-लाइन आवेदन भरने से पहले इन सूचनाओं को तैयार रखें।

vii. ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को अपनी **फोटो को जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम 50 केबी (480 X 640 पिक्सल) व न्यूनतम 10 केबी (न्यूनतम 180 X 240 पिक्सल) में तथा अपने हस्ताक्षर को भी जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम 20 केबी (अधिकतम 160 X 560 पिक्सल) व न्यूनतम 80 x 100 पिक्सल में स्कैन करना होगा।** अपलोड की गई इस फोटो को ''साक्षात्कार बुलावा पत्र'' पर छापा जाएगा और यदि बुलाया जाता है तो केवल जिन अभ्यर्थियों की फोटो इस ''साक्षात्कार बुलावा पत्र'' पर छपी होंगी, उन्हें ही साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

viii. अभ्यर्थीगण कृपया अपना वैध एवं कार्यशील ई-मेल पता दर्ज करें क्योंकि सभी महत्वपूर्ण पत्राचार इसी ई-मेल पते से किए जाएंगे। यदि अभ्यर्थीगण अपने एक्टिव मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हैं तो उन्हें एसएमएस भी भेजे जाएंगे। यदि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकृत मोबाईल संख्या टीआरएआई एनसीपीआर सूची (जिसे पहले डीएनडी कहा जाता था) में दर्ज होंगे तो अभ्यर्थियों को पंजीकरण से संबंधित एसएमएस अलर्ट नहीं मिल पाएंगे। यदि अभ्यर्थी को ईटी - 2026 के संबंध में आगे एनपीसीआईएल से एसएमएस अलर्ट चाहिए हों तो कृपया सर्विस प्रदाता से अपने मोबाइल नंबर को एनसीपीआर सूची से हटाने के लिए अनुरोध करें।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

ix. **ऑन-लाइन पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण हैं:**

चरण-1 पंजीकरण के लिए शीर्ष/बाईं ओर आवेदन => ऑनलाइन पंजीकरण पर क्लिक करें। अभ्यर्थी को विवरण जैसे, गेट 2024, गेट 2025 व गेट 2026 के प्रवेशपत्र में अंकित पंजीकरण संख्या, पूरा नाम, विषय-क्षेत्र, जन्म-तिथि, वर्ग, ई-मेल का पता, मोबाइल नंबर, शारीरिक नि:शक्तता विवरण व अन्य छूट संबंधी विवरण, यदि लागू हों तो, भरना होगा। कृपया नोट करें कि, एक बार **एप्लीकेशन को "सबमिट एप्लीकेशन" बटन दबाकर सबमिट किए जाने के बाद, आवेदक किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं कर सकेगा।** इस चरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत, एक एक्टिवेशन लिंक आवेदक के मेल पर भेजी जाएगी।

चरण-2 अभ्यर्थी को पहले चरण में पंजीकरण करने के उपरांत प्राप्तएक्टिवेशन लिंक पर क्लिक कर उसे एक्टीवेट करना होगा।

चरण-3 इस एक्टिवेशन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात, आवेदक ऑन-लाइन आवेदन के लिए अपने लॉग-इन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर सकते हैं। इस चरण में अभ्यर्थी को अपने सभी विवरण जैसे शैक्षिक योग्यताएं, कार्य अनुभव आदि भरने होंगे।

यह एक बहु-चरणीय प्रक्रिया है जिसमें आवेदक को पहले चरण की सूचनाएं भरने के बाद ही अगले चरण में जाने की अनुमति होती है। इस चरण का क्रम निम्नानुसार है:

1. शैक्षिक योग्यताएं
2. शैक्षिक योग्यता पश्चात कार्य अनुभव, यदि कोई हो
3. व्यक्तिगत विवरण
4. साक्षात्कार के लिए प्राथमिकता वाले शहर दर्शाएं
5. रिएक्टर स्ट्रीम का विकल्प सूचित करें
6. फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करना
7. एप्लीकेशन सबमिट करें

उपर्युक्त चरणों के लिए लिंक **अप्लाई ऑन-लाइन मेनू (अप्लाई => अप्लाई ऑनलाइन)** पर उपलब्ध हैं। आवेदक को **'एजूकेशनल क्वालीफिकेशन्स'** वाले लिंक पर क्लिक कर इसे शुरू करना होगा। यह जानकारी सेव हो जाने के बाद अगला चरण अर्थात **शैक्षणिक योग्यता पश्चात कार्य अनुभव** सूचनाएं भरने हेतु उपलब्ध हो जाएगा।

इस चरण से संबंधित सभी सूचनाएं भरने के बाद, आवेदक, इस प्रपत्र के सबसे नीचे की ओर दिए गए **"सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप"** विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। इससे वर्तमान में भरी जा चुकी सूचनाएं सेव हो जाएंगी और अगले चरण में सूचनाएं भरने हेतु विकल्प खुल जाएगा। अगले चरण को भरने के लिए भी **अप्लाई ऑन-लाइन मेनू (अप्लाई => अप्लाई ऑनलाइन)** का प्रयोग किया जा सकता है।

किसी भी चरण में सूचना को **"सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप"** का उपयोग करते हुए सेव किया जा सकता है।

जब आवेदक **"सबमिट एप्लीकेशन"** के चरण में पहुंच जाता है, आवेदक द्वारा भरी गई समस्त जानकारी एक ड्राफ्ट के रूप में दिखाई देगी। यहां पर आवेदक पूर्व चरणों में भरी गई जानकारी में संशोधन कर सकता है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

यदि आवेदक यह मानता है कि उसके द्वारा भरी गई सभी जानकारी सही है तो, वह "सबमिट एप्लीकेशन'' का बटन दबाकर अपना आवेदन सबमिट कर सकता है। कृपया नोट करें कि, एक बार **एप्लीकेशन को "सबमिट एप्लीकेशन" बटन दबाकर सबमिट किए जाने के बाद, आवेदक किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं कर सकेगा।** एप्लीकेशन को सबमिट किए जाने के बाद एक अप्लीकेशन संख्या तैयार हो जाएगी। एप्लीकेशन को सबमिट किए जाने के बाद, जो आवेदकों को आवेदन शुल्क से छूट प्राप्त हैं उनकी अप्लीकेशन संख्या तैयार हो जाएगी। जो आवेदकों को आवेदन शुल्क लागू है, उन्हे एप्लीकेशन सफलतापूर्वक सबमिट होने के बाद, आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए पुनर्निर्देशित किया जाएगा।

चरण-4 आवेदन शुल्क का भुगतान (यदि शुल्क लागू हो)

केवल सामान्य/ईडब्लूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों को ही **रु. 500/-** की गैर-वापसीयोग्य राशि तथा उस पर देय बैंक प्रभार के साथ आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क का भुगतान **केवल 10/04/2026 (1000 बजे से) 30/04/2026 (1600 बजे तक)** किसी भी दिन करना होगा।

अनु.जा./ज.जा., शारीरिक नि:शक्तता वाले अभ्यर्थियों, भूतपूर्व सैनिकों, डीओडीपीकेआईए, महिला अभ्यिर्थियों व एनपीसीआईएल के कर्मचारीगण को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ एकीकृत भुगतान गेट वे के माध्यम से डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई आदि के माध्यम से आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक है।

आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत, कृपया सर्वर से सूचना की प्रतीक्षा करें। दोहरे शुल्क के भुगतान से बचने के लिए बैक या रीफ्रेश बटन न दबाएँ। लेन-देन पूरा होने पर, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अपने क्रिडेंशियल का उपयोग करते हुये फिरसे लॉग-इन करें और भुगतान की स्थिति की जाँच करें। भुगतान विफल होने की स्थिति में, आवेदकों को आवेदन की अस्वीकृति से बचाने के लिए भुगतान की प्रक्रिया दोहराने की सलाह दी जाती है।

एक बार आवेदन शुल्क सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर, **आवेदन संख्या** तैयार हो जाएगी।

लेन-देन से संबंधित आपके डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने केलिए, आपका लेन देन पूर्ण होने पर ब्राउज़र विंडो बंद करने का सुझाव दिया जाता है।

भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। कम राशि का शुल्क जमा करने या निर्धारित विधि के अलावा किसी अन्य माध्यम से शुल्क जमा करने वाले आवेदकों की उम्मीदवारी खारिज की जाएगी। अयोग्य आवेदकों द्वारा भुगतान किया गया आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए आवेदकों से अनुरोध हैं की आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपने पात्रता सत्यापित कर लें।

डी. **उपर्युक्त सभी लागू चरणों को पूरा करने के उपरांत ही ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होगी।** इसके पश्चात आवेदक इस ऑनलाइन प्रपत्र को देख/प्रिंट कर सकते हैं।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

ई. अभ्यर्थी द्वारा **'ऐप्लीकेंट लॉग-इन'** लिंक के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

एफ. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि **कृपया अपने ई-मेल लॉग-इन आईडी व पासवर्ड को नोट कर लें** क्योंकि उन्हें अपने आवेदन की जानकारी के लिए इस लॉग-इन की सहायता से वेबसाइट पर लॉग-इन करना होगा। अभ्यर्थी को आवेदन संख्या युक्त एक ईमेल भी प्रेषित की जाएगी।

जी. योग्यता प्रतिशत के अंको वाले कॉलम में अंको का सटीक प्रतिशत लिखा जाना चाहिए न कि उन्हें राउंड ऑफ करके। उदाहरण के लिए 59.99% अंकों को राउन्ड ऑफ कर 60% नहीं किया जाना चाहिए।

एच. जांच के पश्चात साक्षात्कार के लिए चयनित आवेदकों को ईमेल व एसएमएस (यदि सक्रिय मोबाइल नंबर दिया गया हो) के माध्यम से 'साक्षात्कार बुलावा पत्र'' की उपलब्धता के बारे में वेबसाइट पर ऑन-लाइन सूचना दी जाएगी। साक्षात्कार के समय व स्थान का विवरण इस 'साक्षात्कार बुलावा पत्र'' में दिया होगा। अभ्यर्थी अपने 'ऐप्लीकेंट लॉग-इन' के माध्यम से लॉग-इन कर इन्हें प्रिंट कर सकते हैं। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय इस 'साक्षात्कार बुलावा पत्र' की प्रिंट की हुई एक स्पष्ट प्रति साथ लानी होगी। इसके बगैर उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

आई. प्रारंभिक स्क्रीनिंग मुख्यतया, अभ्यर्थी द्वारा आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराए गए विवरण पर आधारित है। अत:, आवेदकों को विशेष रूप से सलाह दी जाती है कि कृपया ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सभी विवरण सावधानीपूर्वक एवं सही-सही भरें।

जे. आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अपनी फोटो व हस्ताक्षरों को स्कैन करके तैयार रखना चाहिए ताकि इन्हें ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड किया जा सके।

के. कृपया नोट करें कि वैध हस्ताक्षर व फोटो के बगैर, **'ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म'** स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

एल. **आवश्यक:**

- चार चरणीय प्रक्रिया :
  - I. पंजीकरण
  - II. एक्टीवेशन
  - III. अभ्यर्थी विवरण भरें व एप्लीकेशन सबमिट करें।
  - IV. आवेदन शुल्क का भुगतान (यदि शुल्कलागू हो तो)।

22. साक्षात्कार के लिए चयनित आवेदकों के पास व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु उपस्थित होते समय निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यत: होने चाहिए :

- साक्षात्कार के लिए अणुशक्तिनगर परिसर में प्रवेश हेतु, पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ आधार कार्ड/ वोटर आईडी/कॉलेज आई डी/ सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र।
- **साक्षात्कार बुलावा पत्र** की फोटोग्राफ सहित एक स्पष्ट प्रिंटेड आउटपुट।
- पूर्ण ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र का एक स्पष्ट प्रिंटेड आउटपुट।
- शैक्षिक योग्यता के समर्थन में स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियां (डिग्री प्रमाणपत्र व अंक-पत्र दोनों की), अनुभव, जाति/वर्ग, जन्म-तिथि प्रमाणपत्र आदि।
- ऊपर लिखे गए सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां

For more job news visit : www.kpscvaani.com

23. **सामान्य दशाएं:**

ए) केवल 18 वर्ष से अधि आयु के **भारतीय नागरिक** ही आवेदन कर सकते हैं।

बी) आवेदन करने से पहले, आवेदक को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे सभी शर्तों को पूरा करते हैं।

सी) किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थीगण, अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) से संदर्भ ले सकते हैं।

डी) सभी योग्यताएं किसी विश्वविद्यालय/यूजीसी/एआईसीटीई/उपयुक्त सांविधिक प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

ई) अंतिम वर्ष/सेमेस्टर परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय का पहचान पत्र साथ में लाना चाहिए।

एफ) एनपीसीआईएल के सेवारत कर्मचारीगण जिनकी ऑनलाइन आवेदन करने में रुचि हैं और वे पात्र हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का एक प्रिंट आउट लेकर उचित माध्यम से भेजना होगा।

जी) जिन अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क जमा करना अनिवार्य है उनका आवेदन शुल्क यदि एनपीसीआईएल के खाते में दिनांक 30.04.2026 (1600 बजे तक) या उससे पहले जमा नहीं होता है तो वे साक्षात्कार बुलावा-पत्र निकाल नहीं सकेंगे।

एच) उचित प्राधिकारी से जाति/वर्ग प्रमाणपत्रों व अन्य प्रशंसापत्रों के सत्यापित किए जाने तक अभ्यर्थी की नियुक्ति अस्थायी होगी। ईडब्ल्यूएस/अनु जाती/जन जाती/अन्य पिछडा वर्ग का अपना/अपनी गलत दावा प्रस्तुत करने और अन्य प्रशंसापत्रों के गलत पाए जाने पर बिना कोई कारण बताए अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाएंगी। एनपीसीआईएल के पास, उचित होने पर, गलत प्रमाणपत्र/प्रशंसापत्र प्रस्तुत करने के लिए अभ्यर्थी के विरुद्ध कार्रवाई करने का अधिकार भी सुरक्षित है।

आई) ऑनलाइन आवेदन में भरा गया वर्ग (अनुजाति./अनुजन. जाति/अन्य पिछडा वर्ग(एनसीएल) /ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) बाद में परिवर्तित नहीं किया जाएगा और अन्य वर्ग के कोई लाभ नहीं दिए जाएंगे। वर्ग मे परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नही किया जायेगा तथा अभ्यर्थि द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र मे उल्लिखित वर्ग पर विचार किया जायेगा।

जे) विधिवत हस्ताक्षरित हार्ड प्रतिलिपि के साथ विज्ञापन में दिए गए मूल दस्तावेजों (सत्यापन हेतु) और स्वअनुप्रमाणित प्रतिलिपियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

के) एनपीसीआईएल में अभ्यर्थी की नियुक्ति अस्थायी है और यह नियुक्ति निर्धारित प्राधिकारियों द्वारा चरित्र व पूर्ववृत्तों तथा विशेष सुरक्षा प्रश्नावली के सत्यापन की शर्त पर है।

एल) यदि आवेदक को पात्रता मानदण्ड पूरा न करने अथवा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न करा पाने, एनओसी आदि के कारण साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं मिलती है या वे यात्रा टिकट, बोर्डिंग पास आदि नहीं प्रस्तुत कर पाते हैं तो उन्हें यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

एम) ऑनलाइन आवेदन में उल्लेख होने या न होने के बावजूद केंद्र/राज्य सरकार, केंद्र/राज्य सरकार के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, सहायता प्राप्त संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थीता निरस्त कर दी जाएगी और भुगतान किया हुआ आवेदन शुल्क, यदि कोई हो तो, ज़ब्त हो जाएगा। चयन होने की स्थिति में, अनापत्ति प्रमाणपत्र के बदले में पुराने कार्यालय में त्यागपत्र देने का शपथपत्र, आवेदित अनापत्ति प्रमाणपत्र/त्यागपत्र/अनुभव प्रमाणपत्र आदि के प्रति की पावती जैसे अन्य दावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अनापत्ति प्रमाणपत्र की आवश्यकता उन अभ्यर्थियों हेतु भी लागू होगी जिन्होंने इस विज्ञापन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने के उपरांत ऐसे संगठनों में कार्यभार संभाला है।

एन) केवल न्यूनतम अर्हता पूरी करने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

ओ) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दर्ज मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखी जानी चाहिए। एक बार दर्ज किए जाने के बाद ई-मेल आईडी को बदलने की अनुमति नहीं होगी। भविष्य के सभी पत्राचार केवल इसी ई-मेल आईडी के माध्यम से ही किए जाएंगे।

पी) अंग्रेजी संस्करण के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा के विज्ञापन के निर्वचन में किसी प्रकार का संदेह या विवाद होने की स्थिति में केवल अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

क्यू) आवश्यकता होने पर, एनपीसीआईएल के पास इस भर्ती प्रक्रिया को किसी पूर्व सूचना के या कोई कारण बताए बगैर, रद्द/सीमित/वर्धित/ संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है।

आर) यदि एक ही गेट पंजीकरण संख्याके लिए किसी अभ्यर्थी के कई आवेदन प्राप्त होते हैं, तो केवल नवीनतम आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।

एस) किसी विवाद की स्थिति में, न्यायिक क्षेत्र मुंबई होगा।

टी) यदि भर्ती प्रक्रिया (कार्यकारी प्रशिक्षु-2026) के किसी चरण के दौरान जिसमें भर्ती या कार्यभार ग्रहण के पश्चात का समय भी शामिल है, यह पाया जाता है कि, आवेदक :

i. ने गलत जानकारी उपलब्ध कराई है या झूठे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या,
ii. ने प्रासंगिक जानकारी को छुपाया है, या,
iii. ने इस भर्ती की पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं किया है, या
iv. ने चयन प्रक्रिया के दौरान अवांछित तरीकों का प्रयोग किया है या,
v. को प्रतिरूपण का दोषी पाया गया है या,
vi. ने अशांति फैलाने वाला आचरण किया है जिससे साक्षात्कार को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जाना प्रभावित हुआ है; तो उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है, उसके विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया अपनाई जा सकती है और उसे एनपीसीआईएल में किसी भी प्रकार की नियुक्ति से वंचित किया जा सकता है तथा उसके आवेदन/नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से रद्द/निरस्त कर दिया जाएगा।

यू) इस विज्ञापन के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थीगण, अद्यतन जानकारी के लिए कृपया समय समय पर एनपीसीआईएल के वेब पोर्टल पर विजिट करते रहें।

व्ही) किसी भी रूप में सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।

24. **हमसे संपर्क करने का तरीका:**

किसी भी पूछ-ताछ के लिए कृपया 'कॉन्टेक्ट अस' लिंक पर सबमिट कर सकते हैं।
केवल दिनांक **10/04/2026 (1100 बजे)** से दिनांक **30/04/2026 (1300 बजे)** तक के दौरान की जाने वाली पूछ-ताछ का ही प्रत्युत्तर दिया जाएगा।
इस विहित अवधि के दौरान भी केवल कार्यकारी प्रशिक्षु 2026 की भर्ती से संबंधित वैध सवालों के ही जवाब दिए जाएंगे।

कार्यकारी प्रशिक्षुओं की भर्ती से संबंधित कोई भी आगामी सूचना/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट इत्यादि केवल www.npcilcareers.co.in और www.npcil.nic.in पर ही अपलोड किए जाएंगे। कृपया इन वेब पोर्टल को देखते रहें।

एनपीसीआईएल स्त्री-पुरुष समानता वाला कार्यबल तैयार करने की दिशा मे अग्रसर है और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु प्रेरित किया जाता है।

न्यूक्लियर विद्युत : विकास की दिशा में एक कदम

For more job news visit : www.kpscvaani.com

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Nuclear Power Corporation of India Limited
(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)
विक्रम साराभाई भवन, अणुशक्तिनगर, मुंबई -400 094 Vikram Sarabhai Bhavan, Anushaktinagar, Mumbai-400 094
सीआईएनCIN U40104MH1987GOI149458

Advertisement No : NPCIL/HQ/HRM/ET/2026/02

Detailed Advertisement for recruitment of Executive Trainees 2026 through GATE 2024/2025/2026

LAST DATE FOR RECEIPT OF ONLINE APPLICATION 30/04/2026

Announcement was made vide Advertisement No: NPCIL/HQ/HRM/ET/2025/04 declaring intent of NPCIL to induct Executive Trainees in Mechanical, Chemical, Electrical, Electronics, Instrumentation & Civil disciplines by shortlisting candidates based on GATE Scores.

Candidates will be shortlisted for Personal Interview on the basis of valid score obtained in **Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE) 2024/2025/2026.**

Applications are invited from Indian Nationals for the post of Executive Trainee. Eligible & interested candidates are required to apply online on dedicated web portal www.npcilcareers.co.in of NPCIL. Online registration commences on **10/04/2026 (1000 Hrs)** and closes on **30/04/2026 (1600 Hrs)**.

1. **Category wise break up of vacancies :**

	UR	EWS	SC	ST	OBC (NCL)	Total
Current Vacancies	126	31	48	24	85	314
Backlog Vacancies	--	--	04	--	12	16
Total vacancies	**126**	**31**	**52**	**24**	**97**	**330**

2. **Discipline & Category wise break up of vacancies :**

Discipline	UR	EWS	SC	ST	OBC (NCL)	Total
Mechanical	48	12	20	08	37	125
Chemical	15	04	06	03	12	40
Electrical	25	06	10	05	19	65
Electronics	19	05	08	03	15	50
Instrumentation	06	01	02	02	04	15
Civil	13	03	06	03	10	35
